Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to government to give the pending seven months salaries with the present salary to the workers working in (HEC) Heavy Engineering Corporation.

श्रीमती गीता कोडा (सिंहभूम): माननीय अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के नौ रत्नों में से एक हेवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन (एचईसी) लिमिटेड, जो रांची, झारखंड में स्थित है । वह पिछले 63 वर्षों से भारी उद्योग के क्षेत्र में देश का मान बढ़ा रही है । एचईसी देश को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), रक्षा, परमाणु, ऊर्जा, रेल, इस्पात और खनन क्षेत्रों में पूंजीगत उपकरणों के मुख्य आपूर्तिकर्ता में से एक है । इस उद्योग प्रतिष्ठान में 31.11.2021 तक 1301 नियमित मजदूर और 1701 ठेका मजदूर, श्रमिक कार्य कर रहे हैं । लेकिन बहुत दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि ये सभी लोग पिछले कई महीनों से यानी कि पिछले सात महीने से इन लोगों को वेतन नहीं मिला है, जिसकी वजह से ये सभी लोग सड़कों पर उतर गए हैं ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहती हूं, क्योंकि अभी कोरोना काल भी है और इन लोगों का परिवार भुखमरी के कगार पर हैं । मैं आपके माध्यम से सरकार से इतनी ही मांग रखती हूं कि एचईसी कंपनी में कार्यरत इन मजदूरों को यथाशीघ्र पिछले सात माह का बकाया और साथ ही साथ चालू महीने का वेतन दिया जाए, ताकि इनके परिवार भी सुरक्षित रह सकें ।

अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।